# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड-२४९१९९

**Sri Dev Suman Uttarakhand University**

Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

पत्रांकः— प्रेमो /एसडीएसयूवी/प्रशासन/2023 दिनांकः 20 जुलाई, 2023

## प्रेस—विज्ञप्ति

## बी0एस0सी0 बी0एड0 एवं बी0ए0 बी0एड0 (चार वर्षीय इंटीग्रेटड कोर्स) प्रवेश परीक्षा सूचना (2023—27)

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल से सम्बद्ध निजी स्ववित्त पोषित संस्थान पेस्टलवीड कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी, देहरादून में बी0एस0सी0 बी0एड0 एवं बी0ए0 बी0एड0 चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्स, सत्र 2023—27 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 20.08.2023 को देहरादून के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों का विवरण पृथक से प्रस्तुत किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण प्रारम्भ करने की तिथि** | **20.07.2023** |
| 2 | **ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण की अन्तिम तिथि** | **05.08.2023** |
| 3 | **परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि** | **07.08.2023** |
| 4 | **प्रवेश परीक्षा की तिथि** | **20.08.2023** |

बी0एस0सी0 बी0एड0 एवं बी0ए0 बी0एड0 चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्स प्रवेश परीक्षा सत्र 2023—27 के लिये न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता, आवेदन शुल्क, आरक्षण, प्रवेश प्रकिया, प्रवेश के नियम एवं आवेदन से सम्बन्धित विस्तृत दिशा—निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.sdsuv.ac.in** पर उपलब्ध है।

(के0आर0 भट्ट)
कुलसचिव।

**प्रतिलिपिः— निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. सम्पादक, अमर उजाला एवं दैनिक भास्कर को इस आशय से कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को छात्र—हित में मध्यनजर रखते हुये 6X4 साईज में अपने सम्मानित समाचार पत्रों में न्यूनतम दरों में 10 प्रतिशत की छूट के साथ प्रकाशित करने का करें।
2. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियन्त्रक।
4. मुख्य वित्त अधिकारी ।
5. कार्यालय प्रति।

(के0आर0 भट्ट)
कुलसचिव।

E:\Rawat\Office Work\Forwording

# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल उत्तराखण्ड –249199 बी.ए. बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. चार वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम एवं प्रवेश परीक्षा नियम सूचना

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी स्ववित्त पोषित संस्थान देहरादून में बी०ए० बी०एड०/बी०एस०सी० बी०एड० चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स सत्र 2023–27 की 100 सीटों पर (50 कला वर्ग 50 विज्ञान वर्ग) में प्रवेश हेतु निम्न विवरणानुसार ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र आमन्त्रिंत किये जाते हैं, इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से भर सकते हैं। प्रवेश की तिथि, शर्त एवं अर्हता सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण प्रारम्भ करने की तिथि | 20.07.2023 |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण की अन्तिम तिथि | 05.08.2023 |
| 3 | परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | 07.08.2023 |
| 4 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 20.08.2023 |

## प्रवेश परीक्षा का शुल्क

1. सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये – रू0 1000/–
2. अनु0जाति/अनु0 जनजाति/विकलांग अभ्यर्थियों के लिये – रू0 600/–

## आवश्यक निर्देश

(क)– राज्य सरकार /भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी बोर्ड / परिषद से 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए अर्ह होगें।

(ख)– अनु० जाति/अनु0 जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग अभ्यार्थियों के लिए अनिवार्य शैक्षिक अर्हता में 5 प्रतिशत अंको की छूट होगी ।

(ग)– प्रवेश परीक्षा दिनांक 20.08.2023 को राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, राजपुर रोड, देहरादून में सम्पन्न की जायेगी। प्रवेश परीक्षा में परिवर्तन भी हो सकता है। इसके लिये अलग से सूचना दी जायेगी या जो प्रवेश पत्र में उल्लिखित हो।

## प्रवेश प्रकिया

(क)– प्रवेश परीक्षा में प्राप्त प्राप्ताकों की वरीयता के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

(ख)– प्रवेश, बी०ए० बी०एड०/ बी०एस०सी० बी०एड0 04 (चार) वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स, पेसल वीड कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, मसूरी रोड, देहरादून में ही होगा जिसमे 50 कला वर्ग, 50 विज्ञान वर्ग में प्रवेश हेतु सीटें निर्धारित है।

(ग) वाणिज्य विषय में 12वीं या इसके समकक्ष उत्तीर्ण अभ्यर्थी को कला समूह में रखा जायेगा।

(घ) विज्ञान विषय में 12वीं या इसके समकक्ष उत्तीर्ण अभ्यर्थी को विज्ञान समूह में रखा जायेगा।

(ड) प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के पश्चात वरीयता के आधार पर प्रवेश दिये जायेगें।

(च) संस्थान आवंटन के उपरान्त 21 दिन के भीतर छात्र को महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश लेना होगा। प्रवेश से पूर्व सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या छात्रों के मूल प्रमाण–पत्रों की जांच करने के उपरान्त ही उन्हें प्रवेश देंगे तथा इसकी सूचना विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

E:\Rawat\Office Work\Forwording

# विशेष निर्देश

1. प्रश्न पत्र के दो खण्ड होंगे। खण्ड–अ तथा खण्ड – ब, खण्ड अ– सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अभियोग्यता का होगा, जिसमें 50 प्रश्न होंगे। खण्ड ब – बिशिष्ट अभियोग्यता परीक्षण कला एवं वाणिज्य एवं विज्ञान के होंगे जिसमें 50 प्रश्न होंगे। परीक्षा में कुल 100 प्रश्न हैं तथा अभ्यर्थी को सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
2. ऑन लाईन आवेदन पत्र की हार्ड कापी विश्वविद्यालय या किसी संस्थान में जमा नही होगी। अभ्यर्थी आवेदन पत्र की प्रति अपने पास सुरक्षित रखे तथा काउसिंलिंग के समय समस्त शैखिक प्रमाण पत्रों, जाति प्रमाण पत्र तथा अधिभार प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत करेगा। परीक्षा शुल्क चालान की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाना आवश्यक है।
3. बी०ए० बी०एस०सी० बी०एड० Integrated Course प्रवेश परीक्षा आवेदन को सावधानी पूर्वक भरें तथा सम्बन्धित वर्ग एवं श्रेणी पर तद्नुसार अंकित करे। किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
4. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन पत्र में दिये गये प्रारूप के अनुसार ही संबंधित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसी प्रकार अधिमान अंकों हेतु भी प्रमाण पत्र का प्रारूप इस विवरणिका में दिया गया है। इस प्रकार के सभी प्रमाण पत्र आवेदन पंजीकरण के पूर्व के निर्गत होने आवश्यक हैं।
5. ऑन लाइन आवेदन पत्र के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का आवेदन–पत्र मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र की फोटो कापी मान्य नही होगी।
6. ऑन लाइन आवेदन पत्र भरे जाने के उपरान्त कोई भी अधिभार अंक संबंधी अथवा कोई भी अन्य प्रमाण–पत्र का दावा स्वीकार नही किया जायेगा।
7. किसी भी अभ्यर्थी का वर्ग परिवर्तित नही होगा अभ्यर्थी ने जिस वर्ग को ऑन लाइन आवेदन पत्र पर अंकित किया है उसका वर्ग वही रहेगा।
8. बी०ए० बी०एस०सी० बी०एड० Integrated Course कक्षा में प्रवेश में आरक्षण की व्यवस्था उत्तराखण्ड शासन द्वारा बनाये गये नियमों के अन्तर्गत किया जायेगा। उन्हें आवेदन पत्र भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ लीजिए।
9. यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण–पत्र जाली पाये गये तो संबंधित अभ्यर्थी का प्रवेश रद्द करने का विश्वविद्यालय का पूर्ण अधिकार होगा तथा कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।
10. किसी भी दशा में प्रवेश परीक्षा हेतु जमा किया गया शुल्क वापस नही किया जायेगा और न ही आगामी वर्षों हेतु सुरक्षित रखा जायेगा।
11. यदि किसी अभ्यर्थी ने किसी आरक्षित श्रेणी के लिये आवेदन किया है और अपने आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न नही किया है तो उसका आवेदन पत्र निरस्त किये बिना सामान्य श्रेणी में परिवर्तित कर दिया जायेगा।
12. आवेदन पत्र पर संलग्न समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां स्वयं हस्ताक्षरित होनी अनिवार्य है तभी काउसिलिंग में सम्मिलित होने दिया जायेगा। अधिभार अंको के लिये प्रमाण पत्रों के प्रारूप आवेदन पत्र संलग्न है। स्थानान्तरण प्रमाण–पत्रों की छाया प्रति भी प्रवेश के समय लाना आवश्यक है अन्यथा प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
13. बी०ए० बी०एस०सी० बी०एड0 Integrated Course कक्षा में प्रवेश के समय चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाय कि अभ्यर्थी बी०ए० बी०एस०सी० बी०एड० Integrated Course के प्रशिक्षण के लिये पूर्णतः स्वस्थ्य है।
14. बी०ए० बी०एस०सी० बी०एड० Integrated Course प्रवेश परीक्षा की जानकारी के लिए पूर्ण विवरण देने पर ही विश्वविद्यालय कार्यालय उत्तर दे सकेगा तथा अपेक्षित कार्यवाही की जा सकेगी।

15. वाणिज्य के उच्चतर माध्यमिक / +2 या इसके समकक्ष को कला समूह में रखा जायेगा। इस प्रकार दो समूह होंगे।

1. कला एवं वाणिज्य (कला समूह)  2. विज्ञान समूह

परन्तु एप्टीट्यूट टेस्ट – कला एवं वाणिज्य के अभ्यर्थियों के लिये एक ही होगा। अभ्यर्थी केवल उसी समूह ग्रुप को चुन सकता है, जिस समूह ग्रुप से उसने उच्चतर माध्यमिक / +2 या इसके समकक्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

16. अभ्यर्थियों के वर्ग (Category) उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश के अनुसार किये जायेंगे।

विशेष – एक अभ्यर्थी केवल एक ही वर्ग चुन सकता है और एक बार में वर्ग (Category) को चुनने के उपरान्त अन्य किसी वर्ग में समायोजन किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा।

17. प्रवेश परीक्षा हेतु पात्रता के सम्बन्ध आनलाईन आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी के दावे के आधार पर प्रवेश परीक्षा / काउंसिलिंग करायी जायेगी। किसी भी प्रकार की गलत अथवा भ्रामक जानकारी आवेदन पत्र में भरने का उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का स्वयं होगा।

18. प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त विभिन्न सम्बन्द्ध संस्थानों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग का आयोजन किया जायेगा । काउसिलिंग के समय अभ्यर्थी के प्रमाण पत्रों की भी जांच की जायेगी। पूर्ण रूप से सफल अभ्यर्थी को ही प्रवेश हेतु अर्ह माना जायेगा।

## श्रेष्ठता सूची तैयार करना तथा संस्थानों का आवंटन

1. यदि प्रवेश परीक्षा के आधार पर दो या दो से अधिक छात्रों के अंक समान होते है तो श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय अथवा उससे सम्बद्ध / सहयुक्त / संघटक महाविद्यालय के छात्रों को वरीयता दी जायेगी। उपर्युक्त व्यवस्था के उपरांत भी अंक समान आते है तो आयु में ज्येष्ठ को वरीयता दी जायेगी।
2. श्रेष्ठता सूची के किसी अभ्यार्थी के आचरण के विरूद्ध जिलाधिकारी द्वारा लिखित सूचना दी गयी हो अथवा किसी के विरूद्ध आपराधिक कानूनी कार्यवाही चल रही हो अथवा किसी न्यायालय द्वारा अपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो अथवा विश्वविद्यालय परीक्षा में अनुसूचित साधन प्रयोग करने के कारण दो वर्ष या उससे अधिक अवधि के लिये निष्काशित किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थी की सूची में नाम होते हुए भी प्रवेश न देने का अधिकार सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या का होगा जिसके लिये उन्हें विश्वविद्यालय से पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी।

## बी.ए. बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. चार वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रवेश परीक्षा सत्र 2023–27 से सम्बन्धित आवश्यक निर्देश

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल के सम्बद्ध संस्थान में सत्र 2023–2027 के पूर्णकालिक प्रवेश के लिये परीक्षा की तैयारी अधोलिखित निर्देश के अनुसार होगी।

1. बी.ए. बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. चार वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थियों की उपलब्धियों का निम्न प्रश्न पत्रों में मापन होगा–

**प्रश्नपत्र का प्रारूप निम्न होगा–**

**कला एवं वाणिज्य वर्ग हेतु–**

| भाग | प्रश्न पत्र | कुल प्रश्न | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| अ | सामान्य ज्ञान तथा बुद्धि परीक्षण | 50 प्रश्न | 50 अंक (प्रत्येक प्रश्न 01 अंक) |
| ब | विशेष अभिरूचि परीक्षण (कला एवं वाणिज्य) | 50 प्रश्न | 50 अंक (प्रत्येक प्रश्न 01 अंक) |
| | **योग** | **100 प्रश्न** | **100 अंक** |

**अथवा**

**विज्ञान वर्ग हेतु–**

| भाग | प्रश्न पत्र | कुल प्रश्न | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| अ | सामान्य ज्ञान तथा बुद्धि परीक्षण | 50 प्रश्न | 50 अंक (प्रत्येक प्रश्न 01 अंक) |
| ब | विशेष अभिरूचि परीक्षण (विज्ञान) | 50 प्रश्न | 50 अंक (प्रत्येक प्रश्न 01 अंक) |
| | **योग** | **100 प्रश्न** | **100 अंक** |

(के0 आर0 भट्ट)
कुलसचिव।